92

कलवरी के आश्चर्यकर्म

मत्ती 27:45, 46, 50-54; मरकुस 15:33, 37-39; लूका 23:44-48; यूहन्ना 19:28, 30, एक निकट दृष्टि

एवरेस्ट पर्वत के आस-पास संसार की कुछ सबसे भव्य ऊंची चोटियां हैं, परन्तु एवरेस्ट की ऊंचाई के कारण[2] हम में से कइयों ने उनका नाम भी नहीं सुना है। एवरेस्ट की ऊंचाई के कारण दूसरी चोटियां दिखाई नहीं देतीं। इसी प्रकार यीशु के क्रूस के आस-पास कई अद्भुत आश्चर्यकर्म हुए, जैसे सूरज का छिप जाना, एक बड़ा भूकम्प आना, मन्दिर के परदे का फट जाना और कब्रों के खुलने और मरे हुए पवित्र लोगों का जी उठना। परन्तु मसीह की मृत्यु की प्रमुख घटना के कारण हम में से कई लोग उन अद्भुत घटनाओं से अवगत नहीं हैं।

इन अलौकिक घटनाओं को ''कलवरी के नीचे की पहाड़ियां'' कहा जाता है। सही ढंग से समझने पर हर घटना यीशु के बलिदान के आश्चर्य को बढ़ाती है। विलियम निकोल्सन ने उन्हें ''चिह्नों की शृंखला जो यीशु मसीह की मृत्यु पर लिपटी हुई है और जिसने इसे अनन्त छुटकारे के एक अर्थ में बांधे रखा है'' का नाम दिया है।[3] ''कलवरी के आश्चर्यकर्मों'' को देखते हुए मेरी प्रार्थना है कि इस अध्ययन से हम सब को यह और समझने में सहायता मिले कि यीशु ने हमारे लिए क्या किया है।

अन्धेरा: एक ईश्वरीय सूचक[4] (मत्ती 27:45, 46; मरकुस 15:33; लूका 23:44, 45क)

क्या हुआ

गुलगुता के दृश्य आंखों में उतारें। प्रात: 9 बजे से दोपहर तक, हलचल हो रही थी। यीशु अपनी माता की देखभाल करते, एक डाकू को बचाते और सांस लेने के लिए तड़पते हुए अपने शत्रुओं के लिए प्रार्थना कर रहा था। उसके शत्रु उसके कपड़ों पर चिट्ठियां डालने और उसे ताने देने में व्यस्त थे। दूसरे लोग भी व्यस्त थे, जैसे रोने वाली स्त्रियां और मसीह की माता को अपने साथ ले जाने वाला प्रेरित। फिर दृश्य पर अन्धकार छा जाने से अचानक सब शान्त हो गया: ''और लगभग दो पहर से तीसरे पहर तक सारे देश में अन्धियारा छाया रहा

और सूर्य का उजियाला जाता रहा'' (लूका 23:44, 45क; देखें मत्ती 27:45; मरकुस 15:33)।

इस अन्धकार के बारे में बहुत कुछ है, जो हम नहीं जानते। हम यह भी नहीं जान सकते कि यह अन्धकार कितना था–यद्यपि मैं इससे इतना अन्धेरा होने की कल्पना करता हूं, जिसमें हाथ को हाथ दिखाई न दे रहा हो। हम पक्का नहीं कह सकते कि यह अंधकार कितनी देर का था या यहूदिया के आगे कहां तक था। बाइबल से बाहर के प्रारम्भिक लेखों, मसीही और गैर मसीही दोनों से संकेत मिलता है कि यह घटना अविश्वासियों को भी पता थी और हो सकता है कि रोम के सरकारी इतिहास में भी लिखी गई हो।[5]

कम से कम हम यह जान सकते हैं कि अन्धेरा एक प्राकृतिक घटना नहीं थी। नास्तिकों ने इसे सूर्यग्रहण बताने का प्रयास किया है, परन्तु फसह के पर्व के दौरान यहूदिया में सूर्यग्रहण की बात असम्भव थी।[6] दूसरों ने इसे बादल छाने या रेत का तूफ़ान कहकर नकारा है, परन्तु सामान्य घटना होती तो सुसमाचार का लेखक इस पर इतना ज़ोर न देता। यह विश्वास करने के, कि यह घटना अलौकिक थी, इसके समय[7] तथा क्रूस के आस–पास के लोगों पर इसके प्रभाव सहित कई कारण हैं।[8]

इसका क्या अर्थ था

मेरा मानना है कि यह एक *ईश्वरीय सूचक* अर्थात वह *चिह्न* था कि परमेश्वर मनुष्यों के षड्यन्त्रों से विफल नहीं हुआ था, बल्कि वह अपने अनन्त उद्देश्य पर कार्य कर रहा था। लोगों ने स्वर्ग से एक चिह्न मांगा था (मत्ती 16:1; मरकुस 8:11; लूका 11:16); और उन्हें वह चिह्न मिल गया, जिसकी उन्हें उम्मीद नहीं थी। यह अन्धेरा *कष्ट* का एक चिह्न था: वह पीड़ा, जो हमारे लिए मरकर यीशु ने सहनी थी (1 कुरिन्थियों 15:3)।[9] यह संघर्ष का *चिह्न था*: मसीह और दुष्ट की सेनाओं के बीच निर्णायक युद्ध (उत्पत्ति 3:15; लूका 22:53; इब्रानियों 2:14)। यह *अलगाव* का एक चिह्न था। हमारे पापों के लिए अन्तिम दण्ड चुका देने पर पिता ने उसे छोड़ दिया था (मत्ती 27:46)।

परमेश्वर ने संसार के सबसे बड़े रहस्य कि कैसे एक मनुष्य करोड़ों लोगों के पापों के लिए मर सकता था, पर अन्धकार का परदा डाल दिया। यह उपयुक्त लगता है कि मसीह के सबसे बड़े कष्ट के समय शांति हो–जैसे हम पूरी तरह से न समझ पाने पर कि उसने हमारे लिए क्या किया अन्ततः शान्त हो जाते हैं।

भूकम्पः ईश्वरीय सामर्थ (मत्ती 27:46, 50, 51ख, ग, 54क; लूका 23:46; यूहन्ना 19:28, 30)

अन्धकार के तीन घण्टे समाप्त होने को थे, जब यीशु ने पुकारा, ''हे मेरे परमेश्वर, हे मेरे परमेश्वर, तू ने मुझे क्यों छोड़ दिया?'' (मत्ती 27:46)। इसके शीघ्र बाद उसके मुंह से तीन और वचन निकले: ''मैं प्यासा हूं'' (यूहन्ना 19:28); ''पूरा हुआ है!'' (यूहन्ना 19:30); और ''हे पिता, मैं अपनी आत्मा तेरे हाथों में सौंपता हूं'' (लूका 23:46)। फिर उसने ''बड़े शब्द से चिल्लाकर प्राण छोड़ दिए'' (मत्ती 27:50)। उसके यह कहने के समय, कई बड़ी घटनाएं घटीं।

क्या हुआ

पहले तो भूकम्प आया (देखें मत्ती 27:54) अर्थात पृथ्वी कांपने लगी (मत्ती 27:51ख)। कुछ घटनाएं भूकम्प जितनी ही दहला देने वाली होती हैं। जब ''terra firma''[10] दृढ़ नहीं रहती, तो ''ठोस'' पृथ्वी भी ठोस नहीं होती। मुझे नहीं पता कि रिक्टर पैमाने पर इस भूकम्प का माप कितना था,[11] पर यह इतना ज़बर्दस्त था कि इससे चट्टानें तड़क गईं (मत्ती 27:51ग) और कब्रें खुल गईं (मत्ती 27:52क)।

यह भूकम्प पृथ्वी के नीचे के बने दबाव के कारण नहीं आया था, जिससे एक चट्टान के साथ लगते-लगते दूसरी चट्टान खिसक गई।[12] इस घटना के समय और प्रभावों में परमेश्वर का हाथ माना गया था। यह घटना यीशु की मृत्यु के समय (मत्ती 27:50, 51) हुई और इससे मन्दिर का परदा फट गया (मत्ती 27:51), और कुछ चुनिन्दा कब्रें खुल गईं (मत्ती 27:51, 52)। इसे देखने वालों पर पड़े प्रभाव से भी इस घटना में परमेश्वर का उद्देश्य दिखाई देता है (मत्ती 27:54)।

इसका क्या अर्थ था

यह भूकम्प *परमेश्वर की सामर्थ* का एक प्रदर्शन था। सीनै पर्वत पर व्यवस्था दिए जाने के समय ''समस्त पर्वत बहुत कांप रहा था'' (निर्गमन 19:18), अब जब यीशु ने उस व्यवस्था को पूरा कर दिया,[13] तो पृथ्वी फिर कांपने लगी। इस भूकम्प से प्रकृति को प्रभावित करने की परमेश्वर की सामर्थ का प्रदर्शन ही नहीं, बल्कि और भी बहुत कुछ दिखाया गया। इससे लोगों के मन को छूने की उसकी सामर्थ की पुष्टि भी हुई: ''तब सूबेदार और जो उसके साथ यीशु का पहरा दे रहे थे, भुईंडोल और जो कुछ हुआ था, देखकर अत्यन्त डर गए, और कहा, सचमुच 'यह परमेश्वर का पुत्र था' '' (मत्ती 27:54)। मसीह की मृत्यु के साथ मेल खाने की तरह ही, इसका संकेत पाप को नाश करने की परमेश्वर की सामर्थ भी हो सकता है।

परदे का फटना: एक ईश्वरीय उद्देश्य (मत्ती 27:50, 51क; मरकुस 15:37, 38; लूका 23:45ख)

क्या हुआ

तीसरा आश्चर्यकर्म देखने के लिए हमें गुलगुता से दूर, नगर के फाटकों के भीतर मन्दिर के क्षेत्र में दक्षिण में जाना होगा। यीशु के अंतिम पुकार देने और उस क्षेत्र की भूमि कांप जाने पर, मन्दिर के अंदर कुछ और भी अप्रत्याशित हुआ था: ''... देखो, मन्दिर का परदा ऊपर से नीचे तक फटकर दो टुकड़े हो गया'' (मत्ती 27:51क; देखें मरकुस 15:38; लूका 23:45ख[14])।

इस विशेष घटना के महत्व को समझने के लिए, हमें उस दृश्य को मन में उतारना होगा और फिर उस घटना को। यीशु शाम की प्रार्थना के समय, तीन बजे मरा (मत्ती 27:46; देखें प्रेरितों 3:1)। उस समय, विश्वासी यहूदी, नर-नारी सब स्त्रियों के आंगन में

प्रार्थना के लिए इकट्ठा होते थे। उनके प्रार्थना करने के समय एक याजक मन्दिर में धूप जलाने के लिए जाता था।

अपने आप को याजक के रूप में देखने की कल्पना करें, जिसे उस दिन धूप जलाने के लिए पवित्र स्थान में जाने का सौभाग्य मिला था। यह वह सम्मान है, जो आपको जीवन में एक ही बार मिला था। पवित्र स्थान में प्रवेश करते हुए आपके दिल की धड़कनें तेज़ हो रही हैं। आपके बिल्कुल सामने परदे के आगे धूप की एक छोटी सी वेदी है, जिससे परम पवित्र स्थान ढका हुआ है।[15] जैसा कि नाम से ही पता चलता है, परम पवित्र स्थान आपकी दृष्टि में पृथ्वी पर सबसे पवित्र स्थान है। (उस वेदी में केवल महायाजक को ही प्रवेश करने की अनुमति थी और वह भी वर्ष में केवल एक ही बार, प्रायश्चित के पर्व के समय; देखें इब्रानियों 9:7; निर्गमन 30:10; लैव्यव्यवस्था 16:29-34.)

सोने की वेदी की ओर आगे बढ़ते हुए, आप 30 फुट चौड़े और 30 फुट लम्बे (9 मीटर चौड़ा और 9 मीटर लम्बा) इसके पीछे के विशाल परदे[16] से प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकते। मूसा को तम्बू के लिए ऐसा ही परदा बनाने का निर्देश दिया गया था:

> नीले, बैंजनी और लाल रंग के और बटी हुई सूक्ष्म सनी वाले कपड़े का एक बीच वाला परदा बनवाना; वह कढ़ाई के काम किए हुए करूबों के साथ बने। और उसको सोने से मढ़े हुए बबूल के चार खम्भों पर लटकाना, इनकी अंकड़ियां सोने की हों, और ये चांदी की चार कुर्सियों पर खड़ी रहें। और बीच वाले परदे को अंकड़ियों के नीचे लटकाकर, उसकी आड़ में साक्षी पत्र का सन्दूक भीतर लिवा ले जाना; सो वह बीच वाला परदा तुम्हारे लिए पवित्र स्थान को परमपवित्र स्थान से अलग किए रहे (निर्गमन 26:31-33)।

सुलैमान ने जब मन्दिर बनाया, तो उसे ऐसे ही निर्देश दिए गए होंगे, क्योंकि ''उसने बीच वाले परदे को नीले, बैंजनी और लाल रंग के सन के कपड़े का बनवाया और उस पर करूब कढ़वाए'' (2 इतिहास 3:14)। हेरोदेस के मन्दिर[17] का परदा सम्भवतया इसी के अनुसार बनाया गया था। निकोल्सन ने लिखा है कि यह परदा पवित्र स्थान में प्रवेश करने वाले याजक को कितना बड़ा लगता होगा:

> यह महीन बना हुआ वस्त्र था। ''बटी हुई सनी'' के काम पर नीला, बैंजनी और चटकीला लाल रंग का दिखाया गया था। और ये तीनों रंग ... करूबों के समूह में बने हुए थे। यह जीवन तथा शक्ति के विचारों से [सराबोर], सुन्दरता व शान का प्रदर्शन करता एक परदा था। ...
>
> सोने के दीवट के प्रकाश में ... यह कितना मोहक लगता होगा![18] अपने पीछे अपने से बड़ी महिमा को छिपाकर लटका हुआ यह परदा, मन को कितना भय से भर देने वाला होगा। करूब के काम में पहरेदार की चौकसी की अभिव्यक्ति, चुपके से, परन्तु गम्भीरतापूर्वक कह रही होती थी, ''यहीं तक, इससे आगे मत बढ़ना।''[19]

अब अपनी नज़र परदे से हटाकर दिए गए अपने काम को करने की तैयारी पर लगाएं। वेदी की आग पर धूप छिड़कना आरम्भ करने पर, आप अपने पांवों के नीचे ज़मीन हिलने के कारण मन्दिर का फर्श हिलते हुए देख घुटनों के बल होने लगते हैं।[20] फिर एक अलग ही घटना होती है: आपको कुछ फटने की आवाज़ सुनाई देती है। ऊपर देखते हुए, सिर से बीस से अधिक फुट ऊपर आपको एक छोटा सा चीरा दिखाई देता है, जो परदे के सिरे पर बीच में है। आप स्तब्ध होकर देख रहे हैं, और वह पर्दा नीचे की ओर सीधा नीचे तक फटता जा रहा है, और अन्त में दो टुकड़े हो जाता है और आप परम पवित्र स्थान की रहस्यमयी परछाइयों में झांक सकते हैं! यह एक ऐसी घटना है, जिसे हम जीवन भर नहीं भूल पाएंगे बल्कि यह ऐसी बात है जो आप अपने बच्चों के बच्चों को भी बताएंगे!

आलोचकों ने इस अद्‌भुत घटना को टालने की कोशिश की है। उनका कहना है कि ''वह परदा तो भूकम्प से पृथ्वी के हिलने के कारण फटा था,'' पर उनकी ''व्याख्या'' विश्वास दिलाने वाली नहीं है। क्योंकि यदि भूकम्प इतना ज़बर्दस्त था कि इससे लटकते हुए ढीले परदे पर असर हुआ, तो फिर मन्दिर क्यों नहीं गिरा? इसके अलावा भूकम्प से ठोस वस्तुएं तो ध्वस्त हो सकती हैं, परन्तु कपड़े पर इसका बहुत कम प्रभाव होता है। अविश्वासी कहते हैं, ''हां, यह परदा शायद पुराना था और गल चुका था और फटने वाला ही था।'' यदि ऐसा था, तो परदा चिथड़े-चिथड़े होना चाहिए था, पर ऐसा नहीं हुआ। इसके बजाय, यह ''बीच से फट गया'' था (लूका 23:45)। नहीं, परदे का फटना स्वाभाविक नहीं था।

परदे का यह फटना मनुष्य की बर्बरता के कारण था। यदि (कुछ लोगों के लिए अकल्पनीय कारण) लोगों ने परदे को फाड़ने का निर्णय कर लिया था, तो यह परदा एक ओर अर्थात नीचे से और दूसरा दूसरी ओर से नीचे से फटता। जब वे उसे खींचते तो परदा *नीचे से ऊपर तक फटना* था। परन्तु बाइबल स्पष्ट करती है कि ''मन्दिर का परदा *ऊपर से नीचे तक* फटकर दो टुकड़े हो गया'' (मत्ती 27:51क)। केवल एक ही निष्कर्ष है कि यह अदृश्य शक्तियों द्वारा अर्थात स्वयं परमेश्वर के हाथ द्वारा ऊपर से फाड़ा गया था।[21]

इसका क्या अर्थ था

हम इस एक ही घटना से क्या सबक ले सकते हैं? परदे का फटना सीधे तौर पर क्रूस के *ईश्वरीय उद्देश्य* से सम्बन्ध को बताता है। आइए तीन पाठों पर विचार करते हैं:

(1) परदे का फटना पुरानी वाचा (पुराना नियम) के प्रबन्ध के खत्म होने का संदेश था।[22] परदे का फटना यीशु की मृत्यु से भी जुड़ा हुआ था, जो नई वाचा (नियम) का आरम्भ था। इब्रानियों की पुस्तक के लेखक ने कहा है, ''क्योंकि जहां वाचा बान्धी गई है, वहां वाचा बान्धने वाले की मृत्यु को समझ लेना भी अवश्य है, क्योंकि ऐसी वाचा मरने पर पक्की होती है, और जब तक वाचा बान्धने वाला जीवित रहता है, तब तक वाचा काम की नहीं होती'' (इब्रानियों 9:16, 17)। मसीह के क्रूस से पुरानी वाचा के समाप्त होने (कुलुस्सियों 2:14) और नई वाचा के आरम्भ होने का संदेश दिया गया।

(2) परदे के फटने से परम पवित्र स्थान का रास्ता खुलने की तरह ही, यीशु के शरीर के

फटने से स्वर्ग में उसकी परम पवित्र स्थान में वापसी का संकेत मिला। इब्रानियों की पुस्तक के लेखक ने परम पवित्र स्थान और स्वर्ग में तथा सांसारिक परदे और यीशु के शरीर के बीच समानता बनाई है। उसने लिखा है, ''सो हे भाइयो, ... हमें यीशु के लोहू के द्वारा उस नये और जीवते मार्ग से पवित्र स्थान में प्रवेश करने का हियाव हो गया है, जो उसने परदे अर्थात अपने शरीर में से होकर, हमारे लिए अभिषेक किया है'' (इब्रानियों 10:19, 20)।

(3) परदे के फटने का शायद सबसे चौंकाने वाला सबक यह है कि यीशु की मृत्यु के द्वारा, सब लोगों के लिए परमेश्वर तक जाने का मार्ग खुल गया है। जैसे पहले ध्यान दिलाया गया था, मन्दिर के परम पवित्र स्थान में परदे में से केवल महायाजक को ही जाने की अनुमति थी। उस परदे के हट जाने से, दूसरे लोग उस रहस्यमयी स्थान में झांक सकते थे और शायद उसमें प्रवेश भी कर सकते थे। अभी-अभी जो आयतें हमने पढ़ी हैं, उनमें, लेखक ने स्पष्ट किया है कि परमेश्वर और मनुष्य के बीच की बाधा हटा दी गई है। अब आपको और मुझे ''यीशु के लहू के द्वारा उस नये और जीवते मार्ग से पवित्र स्थान [स्वर्ग] में प्रवेश करने का हियाव हो गया है। जो उसने परदे अर्थात अपने शरीर में से होकर हमारे लिए अभिषेक किया है।'' लेखक का विचार अगली आयतों में भी जारी रहता है: ''और इसलिए कि हमारा ऐसा महान याजक है, जो परमेश्वर के घर का अधिकारी है। तो आओ; हम सच्चे मन और पूरे विश्वास के साथ, ... परमेश्वर के समीप जाएं'' (इब्रानियों 10:21, 22)।

परदे से न केवल परमेश्वर और मनुष्य के बीच की बाधा हट गई है, बल्कि ''विशेष'' याजकों तथा परमेश्वर की ''साधारण'' सन्तान के बीच की बाधा भी हट गई है (देखें 1 पतरस 2:5, 9)। हम यह भी सुझाव दे सकते हैं कि इससे लोगों के बीच की बाधाएं भी हट गई हैं (देखें इफिसियों 2:14-16)। हम इस बात का ध्यान रखें कि उस ''परदे'' को फिर से इसकी पहले वाली जगह पर लगाने का प्रयास न करें![23]

मृतक जी उठे: एक ईश्वरीय प्रतिज्ञा (मत्ती 27:51ख-53)

क्या हुआ

अब हम बाइबल के सबसे साधारण आश्चर्यकर्मों में से एक पर आते हैं, जिसका वर्णन बहुत ही कम शब्दों में किया गया है। मत्ती 27 बताता है कि भूकम्प से ''चट्टानें तड़क गईं और कब्रें खुल गईं; और सोये हुए पवित्र लोगों की बहुत लोथें जी उठीं'' (आयतें 51ख-53)। अब इन पर दो आश्चर्यकर्मों के रूप में विचार कर सकते हैं: (1) कब्रों का खुलना और (2) मरे हुओं का जी उठना। कब्रें शुक्रवार देर को खुली होंगी (पृथ्वी के कांपने पर), परन्तु पवित्र लोग रविवार प्रात: से पहले जी नहीं उठे थे (शायद यीशु के जी उठने के समय ही) परन्तु मत्ती ने दोनों घटनाओं को मिला दिया और हम भी ऐसा ही करेंगे।

आइए जो कुछ हुआ उस पर ध्यान से नज़र डालें: जब भूकम्प से चट्टानें तिड़कीं, तो इससे गुलगुता के इलाके की चट्टानों में बनीं कुछ कब्रें भी खुल गईं।[24] वहां बनीं कब्रों में से केवल कुछ कब्रें ही खुलीं; जो इस बात का संकेत है कि ये वही कब्रें थीं, जिन में से

केवल ''पवित्र लोग'' ही जी उठे थे। ये ''पवित्र लोग'' पुराने नियम के पवित्र लोग हो सकते हैं (देखें भजन संहिता 34:9)[25] जिनकी मृत्यु मूसा की व्यवस्था के अधीन हुई थी, जो अपने परमेश्वर के प्रति विश्वासयोग्य रहे थे।

भूकम्प आने पर कब्रें खुल गईं, उन पवित्र लोगों की लोथें बाहर आ गई होंगी, परन्तु उन लोथों के बाहर आने के कारण किसी ने उन्हें छू लिया होगा, जिन्होंने उन्हें छुआ होगा वे औपचारिक रूप में अशुद्ध हो गए होंगे (गिनती 19:11)। अशुद्ध लोगों को सब्त के दिन विशेष भोजन खाने की अनुमति नहीं मिली होगी। इसके अलावा लोगों को सब्त के दिन काम करने की अनुमति नहीं होती थी (निर्गमन 20:8-11)। इसलिए सम्भावना यही है कि लाशें शुक्रवार के बाकी दिन, शनिवार और शायद रविवार के कुछ भाग में सब लोगों के देखने के लिए पड़ी रहीं।

फिर, मसीह के पुनरुत्थान के कुछ समय बाद-शायद थोड़ी ही देर बाद-परमेश्वर ने इन पवित्र लोगों को जिला दिया। वे कब्रों से निकलकर ''पवित्र नगर [यरूशलेम] में गए और बहुतों को दिखाई दिए'' (मत्ती 27:53)। इस घटना के बारे में बहुत सी ऐसी बातें हैं, जो हमें पता नहीं हैं। हमें नहीं मालूम कि कौन जी उठा था, यद्यपि संकेत यही है कि उन्हें यरूशलेम के लोग जानते थे।[26] हम नहीं जानते कि वे किन्हें दिखाई दिए थे। यद्यपि जिस ढंग से मत्ती ने इन घटनाओं को लिखा है, उससे लगता है कि यरूशलेम के रहने वाले कई लोग अभी भी इस वृत्तांत की सत्यता की पुष्टि कर सकते थे। हमें नहीं मालूम कि वास्तव में वह पुनरुत्थान कैसा था। हम अनुमान लगा सकते हैं कि पुराने नियम के और मसीह की सेवकाई के समय के मृतकों में से जी उठने वालों की तरह वे भी फिर से जी उठे होंगे।[27]

उस सब के बावजूद जो हमें पता नहीं है, विचार करें कि यह घटना कितनी ज़बर्दस्त होगी। इस घटना पर ध्यान न करके आप पुराने और नये नियम के जी उठने वालों को उंगलियों पर गिन सकते हैं[28]-परन्तु यहां, एक ही बात, ''पवित्र लोगों की बहुत सी लोथें जी उठीं''! अद्‌भुत है!

इसका क्या अर्थ था

इस जीवन में, हमें कभी पता नहीं चल पाएगा कि वहां क्या-क्या हुआ था। तौ भी, यह तथ्य कि हमें बताया गया है कि ये पवित्र लोग ''उस [यीशु] के पुनरुत्थान के बाद'' जी उठने थे, सुझाव देता है कि हम उसके पुनरुत्थान को उनके पुनरुत्थान से जोड़ें। स्पष्ट निष्कर्ष यह है कि उसके पुनरुत्थान से उनका पुनरुत्थान सम्भव हुआ-बिल्कुल वैसे ही जैसे उसके पुनरुत्थान से हमारा पुनरुत्थान सम्भव होता है। पौलुस ने लिखा है, ''परन्तु सचमुच मसीह मुर्दों में से जी उठा है, और जो सो [मर] गए हैं, उन में पहिला फल हुआ''[29] (1 कुरिन्थियों 15:20)। इसलिए, यह आश्चर्यकर्म एक *ईश्वरीय प्रतिज्ञा* की घोषणा करता है कि यदि हम परमेश्वर के ''पवित्र लोग'' (अर्थात विश्वासी मसीही) हैं, तो हम भी, ''अन्त के दिन'' में परमेश्वर की सामर्थ से महिमा पाने के लिए जिलाए जाएंगे (यूहन्ना 6:40)! पौलुस ने लिखा है:

> ... हम सब तो नहीं सोएंगे [अर्थात, नहीं मरेंगे; कुछ लोग मसीह के आने पर जीवित होंगे], परन्तु सब बदल जाएंगे और यह क्षण भर में, पलक झपकते ही पिछली तुरही फूंकते ही होगा: क्योंकि तुरही फूंकी जाएगी और मुर्दे अविनाशी दशा में उठाए जाएंगे, और हम बदल जाएंगे। क्योंकि अवश्य है कि यह नाशवान देह अविनाश को पहिन ले, और यह मरनहार देह अमरता को पहिन ले। और जब यह नाशवान अविनाश को पहिन लेगा, और यह मरनहार अमरता को पहिन लेगा, तब वह वचन जो लिखा है, पूरा हो जाएगा, कि जय ने मृत्यु को निगल लिया। ... परन्तु परमेश्वर का धन्यवाद हो, जो हमारे प्रभु यीशु मसीह के द्वारा हमें जयवन्त करता है (1 कुरिन्थियों 15:51-57)।

कितनी अच्छी प्रतिज्ञा है!

सारांश

क्रूस की ओर देखते हुए, क्या आपका मन प्रभावित नहीं होता? आकाश तो प्रभावित हुए बिना नहीं रहा था; यह अन्धेरा हो गया था। चट्टानें प्रभावित हुए बिना नहीं रही थीं; वे तिड़क गई थीं। मन्दिर का परदा प्रभावित हुए बिना नहीं रहा था; यह ऊपर से नीचे तक फट गया था। पुरानी वाचा के कुछ पवित्र लोगों की कब्रें प्रभावित हुए बिना नहीं रही थीं; वे खुल गई थीं। पवित्र लोग भी प्रभावित हुए बिना नहीं रहे थे; वे जीवन के लिए जी उठे थे। यहां तक कि क्रूस के निकट कठोर मन वाले लोग भी प्रभावित हो गए थे। जब लोगों ने देखा कि क्या हो रहा है, तो वे पुकार उठे थे, ''सचमुच, यह परमेश्वर का पुत्र था!'' (मत्ती 27:54; देखें मरकुस 15:39; लूका 23:47, 48)। क्या *आप* प्रभावित हुए हैं? यदि आपका मन इस संदेश से प्रभावित हुआ है, तो *आज ही* उसे ग्रहण कर लें।[30]

टिप्पणियां

[1]इस प्रवचन के लिए विचार विलियम आर. निकॉल्सन, द सिक्स मिरेकल्स ऑफ़ कलवरी (शिकागो: मूडी प्रैस, 1928) से लिया गया है। निकोल्सन के ''सिक्स मिरेकल्स'' में खाली कब्र में छोड़े गए कफ़न को सलीके से रखने को शामिल करके मुर्दों के जीवन के लिए कब्रों के खुलने से अलग किया गया है। इस प्रवचन में केवल चार ही आश्चर्यकर्म बताए गए हैं: इसमें कफ़न के कपड़े शामिल नहीं किए गए और कब्रों के खुलने को मुर्दों के जी उठने से मिला दिया गया है। [2]एवरेस्ट पर्वत संसार का सबसे ऊंचा पहाड़ है, जो नेपाल और तिब्बत की सीमा पर केन्द्रीय हिमालय की पहाड़ियों में है। इसकी दो चोटियां हैं, इनमें से ऊंची चोटी जिसे (उत्तरी चोटी कहा जाता है) 29, 035 फुट (8,853.5 मीटर) ऊंची है। [3]निकोल्सन, 17. [4]''सूचक'' एक *चिह्न* है, जो यह संकेत देता है कि कुछ क्षणिक (या विनाशकारी) घटने वाला है। [5]''ओरिगन और यूसबियुस बताते हैं कि फलेगन नामक एक रोमी इतिहासकार ने ... अन्धेरे की बात लिखी है'' (आर. सी. फोस्टर, *स्टडीज इन द लाइफ़ ऑफ़ क्राइस्ट* [ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: बेकर बुक हाउस, 1971], 1282)। एक आरम्भिक मसीही मंडनकर्ता टरटुलियन ने इस घटना का उल्लेख करने वाले रोमी पुरालेखों की बात की है (टरटुलियन *अपोलोजी* 21.20)। [6]''एक रोमी क्रूस पर छह घण्टे'' पाठ में दिए गए तर्कों के अलावा इस पर

विचार करें: ग्रहण कुछ ही मिनट तक रहता है, परन्तु यह अन्धेरा तीन घण्टे तक रहा था। [7]आपको ''एक रोमी क्रूस पर छह घण्टे'' पाठ में ''समय'' के तर्क दोहराने चाहिए। [8]पवित्र शास्त्र की अन्धकार के उन तीन घण्टो के बारे में चुप्पी इस बात का संकेत हो सकती है कि कोलाहल मचा रही भीड़ शांत हो गई थी। तीन घण्टे पहले, यह भीड़ अपमान कर रही थी; तीन घण्टों के बाद भीड़ के लोग अपनी छातियां पीट रहे थे (लूका 23:48)। [9]इस पुस्तक में ''यीशु को क्रूस पर मरना क्यों पड़ा था?'' पाठ देखें। [10]''Terra firma'' एक लातीनी शब्द है, जिसका अर्थ ''सूखी धरती'' या ''कठोर भूमि'' है।

[11]रिक्टर पैमाना भूकम्पों की (क्षमता) मापने का यन्त्र है। इसका नाम चार्ल्स रिक्टर के सम्मान में रखा गया था, जिसने आकार को पढ़ने के इस्तेमाल के लिए इसका आविष्कार किया था। [12]यह घटनाओं की असामान्य शृंखला है, जिसे भूकम्प कहते हैं। परमेश्वर ने इसी ढंग का इस्तेमाल किया हो सकता है, पर घटना के समय से यह संकेत मिलता है कि इससे बढ़कर भी कुछ था। परमेश्वर ने इसे होने *दिया*। [13]''रोमी क्रूस पर छह घण्टे'' पाठ में ''पूरा हुआ'' शब्दों पर ध्यान दें। [14]परदे के बारे में हमारे पास यदि केवल लूका का वृत्तांत ही होता (लूका 23:44, 45), तो हम यह निष्कर्ष निकाल सकते थे, कि यह घटना अन्धेरे के तीन घण्टों के दौरान हुई। लूका के वृत्तांत की तुलना मत्ती और मरकुस से करने पर हमें समझ आती है कि यह सब *''नौवें घण्टे'' के अन्त में* हुआ। [15]इस पुस्तक में आगे मन्दिर का रेखाचित्र देखें। [16]देखें 1 राजा 6:20. हाथ की लम्बाई कोहनी से बड़ी उंगली तक, लगभग डेढ़ फुट (43 से 56 सैंटिमीटर) थी। अपने सुनने वालों को समझाने के लिए 30 फुट ऊंची और 30 फुट चौड़ाई वाली किसी चीज़ को दिखाते हुए 30×30 का अर्थ समझाएं। [17]सुलैमान का मन्दिर बाबुल के लोगों द्वारा यरूशलेम का विनाश करने के समय नष्ट कर दिया गया था। इसे ज़रूबाबिल द्वारा फिर से बनाया गया और फिर हेरोदेसे महान द्वारा। [18]मन्दिर में पवित्र स्थान के अन्दर सात शाखाओं वाला एक दीवट था (निर्गमन 25:31-35), परन्तु सुलैमान के मन्दिर में दस दीवट थे (1 राजा 7:49)। [19]निकॉल्सन, 41. [20]क्योंकि भुकम्प गुलगुता तक ही सीमित नहीं था (यह निकट की कब्रों तक था; मत्ती 27:51, 52) और क्योंकि भूकम्प और परदे का गिरना वचन में आपस में जुड़े हुए हैं (मत्ती 27:51), इसलिए यह माना जाता है कि मन्दिर का क्षेत्र इससे प्रभावित हुआ होगा।

[21]अचम्भित ढंग से परदे का फटना सभी याजकों को मालूम होगा, जिससे कई लोग चकित होते हैं कि कई याजकों के मसीही बनने का यह एक कारण था (प्रेरितों 6:7)। मैं परदे के गिरने की तुलना पूरे किए गए अनुबंध को फाड़ने से करता हूं (जैसे कर्ज़ चुका लेने के बाद कागज फाड़ दिए जाते हैं)। ऐसे अनुबंध को फाड़ देने के बाद कितनी राहत मिलती है; मैं यह सुझाव देता हूं कि परदे का फटना पुराने नियम के सम्बन्ध में परमेश्वर द्वारा ''फाड़ने का समारोह'' था। [23]जहां आप सिखाते या प्रचार करते हैं, उसके अनुकूल इस विचार को विस्तार दें: कुछ लोग अपने अधिकार के लिए पुराने नियम का इस्तेमाल करके ''परदे को खड़ा करने'' की कोशिश करते हैं। कुछ लोग वचन से बाहर की याजकाई को स्थापित करके ऐसा करने की कोशिश करते हैं। अन्य लोग अलग-अलग समूहों में दीवारें खड़ी करके ऐसा करने की कोशिश करते हैं। [24]पुराविद इस बात की पुष्टि करते हैं कि उस क्षेत्र में गाड़ने के कई स्थान थे। [25]''पवित्र लोग'' शब्द का अर्थ ''अलग किए हुए'' है। जब हम परमेश्वर की संतान बन जाते हैं तो हमें परमेश्वर की सेवा के लिए अलग कर दिया जाता है। [26]यदि लोगों को मालूम नहीं था कि वे कौन थे, तो उन्होंने यह मान लिया होगा कि वे नगर से बाहर के अजनबी हैं। [27]अन्य शब्दों में, उनका जी उठना मसीह के जी उठने की तरह नहीं था, जो कभी न मरने के लिए जी उठा था। [28]मैं केवल उन तीन लोगों की बात सोच सकता हूं, जो पुराने नियम में मुर्दों में से जी उठे थे (देखें 1 राजा 17; 2 राजा 4; 13), तीन मसीह की सेवकाई के समय (मत्ती 9; लूका 7; यूहन्ना 11) और दो प्रेरितों के काम में लिखित प्रेरितों की सेवकाई के समय के थे (प्रेरितों 9; 20)। [29]''पहला फल'' उपज का पहला भाग होता था, जो परमेश्वर को समर्पित किया जाता था (देखें निर्गमन 23:19)। एक अर्थ में, पहला फल शेष उपज के अच्छा होने की गारन्टी था। [30]आपको अपने सुनने वालों को बताना चाहिए कि मसीही कैसे बना जाता है (मरकुस 16:15, 16) और भटका हुआ मसीही वापस कैसे आ सकता है (प्रेरितों 8:22; याकूब 5:16)।


एंटोनिया
का किला
एंटोनिया
का किला
याजकों
का आंगन
वेदी
होज
सुन्दर द्वार
स्त्रियों
का आंगन
परम पवित्र
स्थान
पवित्र
स्थान
सुलैमान
का
ओसारा
अन्यजातियों
का
आंगन

मन्दिर